रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-73

REGISTERED NO. D. (D. N.)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 19] नई दिल्ली, शनिवार, मई 10, 1986/वैशाख 20, 1908

No. 19] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 10, 1986/VAISAKHA 20, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 1986

सूचना

का. आ. 1855.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री बुध राम सहारन, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे जयपुर (राजस्थान) व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं. 5(48)/85 न्या.]

आर एन पोद्दार, सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 29th April, 1986

NOTICE

S.O. 1855.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Budh Ram Saharan Advocate for appointment as a Notary to practice in Jaipur (Rajasthan)

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(48)/85-Judl]

R. N. PODDAR, Competent Authority

कार्मिक, लोक शिकायत त[illegible] मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 23 अप्रैल, 1986

का. आ. 1856.—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संदेहजनक परिस्थितियों में श्री पीताम्बरन की मृत्यु के संबंध में केरल राज्य के कलामस्सेरी पुलिस थाना में रजिस्ट्रीकृत 1983 का अपराध सं. 72 तारीख 22-4-83 की बाबत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 302 के अधीन दण्डनीय अपराधों और उन्हीं अपराधों और उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न होने वाले वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के संबंध में या उनसे संसक्त प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षड्यंत्रों के अन्वेषण के लिए, केरल सरकार की सहमति से, दिल्ली विशेष

पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारों का विस्तार सम्पूर्ण केरल राज्य पर करती है।

[संख्या 228/5/86 ए. वी. डी (II)]

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS

(Dpartment of Personnel and Training)

ORDER

New Delhi, the 23rd April, 1986

S.O. 1856.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946, the Central Government, with the consent of the Government of Kerala, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Kerala for the investigation of the offence punishable under section 302, of Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860), and attempt, abetment and conspiracy in relation to, or in connection with, the said offence and any offence committed in the course of the same transaction arising out of the same facts with regard to crime No. 72 of 1983 dated 22-4-1983 registered at Kalamassery Police Station in the State of Kerala in connection with the death of Shri Peethabaran under suspicious circumstances.

[No. 228/5/86-AVD.II]

का. आ. 1857—केन्द्रीय सरकार, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री जी. एल. संघी, ज्येष्ठ अधिवक्ता और श्री अरूण नेहरा, अधिवक्ता को श्री बी. आर. बजाज और अन्य के विरुद्ध दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन, चण्डीगढ़ आर. सी. संख्या 8,1986 से उत्पन्न श्री बी. आर बजाज, भा. प्र. से. वित्त सचिव, चण्डीगढ़ प्रशासन, संघ राज्य क्षेत्र, चण्डीगढ़ द्वारा फाईल की गई दाण्डिक प्रकीर्ण अर्जी संख्या [2209, 1986 और दाण्डिक प्रकीर्ण (मुख्य) अर्जी संख्या 2208 एम, 1986] में पंजाब और हरियाणा राज्यों के उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़ में उपसंजात होने के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[संख्या 225/16/86 ए. वी. डी. II]

S.O. 1857.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri G. L. Sanghi, Senior Advocate and Shri Arun Nehra, Advocate as Special Public Prosecutors to appear in the High Court of the State of Punjab and Haryana at Chandigarh of Criminal Misc. Petition No. 2209 of 1986 and Criminal Misc. (Main) Petition No. 2208-M of 1986 filed by Shri H. R. Bajaj, IAS Finance Secretary, Chandigarh Administration U.T. Chandigarh, arising out of Delhi Special Police Establishment, Chandigarh R. C. No. 8 of 1986 against Shri H. R. Bajaj, IAS and others.

[No. 225/16/86-AVD.II]

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 3986

का. आ. 1858—केन्द्रीय सरकार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुजरात राज्य के भड़ोंच जिला में संघवाड़ा पुलिस थाना में रजिस्ट्रीकृत प्र. ई. रि. अपराध संख्या 2/86 तारीख 13 जनवरी, 1986 की बाबत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 114, 323, 376 के अधीन दण्डनीय अपराधों और उन्हीं अपराधों और उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न होने वाले वैसे ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए किसी अन्य अपराध के संबंध में या उनसे संसक्त प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षडयंत्रों के अन्वेषण के लिए गुजरात सरकार की सहमति से, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण सम्पूर्ण गुजरात राज्य पर करती है।

[संख्या 228/4/85 ए. वी. डी. (II)]

New Delhi, the 24th April, 1986

S.O. 1858.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5, read with section 6 of the Delhi Special Police Etablishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government, with the consent to the Government of Gujarat, hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Gujarat for the investigation of offences punishable under sections 114, 323, 376 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860), and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offence committed in the course of the same transacion arising out of the same facts in regard to FIR Crime No. 2/86, dated the 13th January, 1986 registered at Saghbara Police Station, District Bharuch in the State of Gujarat.

[No. 228/4/86-AVD.II]

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 1986

का. आ. 1859 केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30 और 32 के अधीन दंडनीय अपराधों के अन्वेषण के लिए महाराष्ट्र, मणिपुर, उड़ीसा, राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश सरकारों की सहमति से, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तार सम्पूर्ण महाराष्ट्र, मणिपुर, उड़ीसा, राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश राज्यों पर करती है।

[संख्या 228/30/85-ए. वी. डी. (II)]

New Delhi, the 25th April, 1986

ORDER

S.O. 1859.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946, (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Governments of Maharashtra Manipur, Orissa, Rajasthan, Tripura and Uttar Pradesh hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Maharashtra, Manipur, Orissa, Rajasthan, Tripura and Uttar Pradesh for the investigation of offences punishable under sections 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24 25 26 27, 28, 29, 30 and 32 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (61 of1985).

[No. 228/30/85-AVD II]

आदेश

का. आ. 1860—केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंडावरी, दौसा के निवासी श्री जुगल किशोर गुप्ता की हत्या के लिए संदिग्ध अपहरण से संबंधित एस. बी. क्रि. मिस. आवेदन सं. 527/85 में जयपुर उच्च न्यायालय में श्री राम किशोर गुप्ता द्वारा फाइल की गई अर्जी तारीख 16-9-85 की बाबत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 364 के अधीन दण्डनीय अपराधों और उन्हीं अपराधों और उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न होने वाले वैसे ही संव्यवहारों के अनुक्रम में किए गए अन्य अपराध के संबंध में या उनसे संबंधित प्रयत्नों, दुष्प्रेरणों और षडयंत्रों के अन्वेषण के लिए, राजस्थान सरकार की सहमति से

दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तार संपूर्ण राजस्थान राज्य पर करती है।

[संख्या 228/34/85-ए. वी. डी. (II)]
एम. एस. प्रसाद, अवर सचिव

ORDER

S.O. 1860.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government with the consent of the Government of Rajasthan hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Rajasthan for the investigation of offences punishable under section 364 of the Indian Panel Code, 1860 (45 of 1860) and attempts, abetments and conspiracies in relation to or in connection with the said offences and any other offences committed in the course of the same transaction arising out of the same facts in regard to petition dated 16-9-85 filed by Shri Ram Kishore Gupta in High Court at Jaipur in S. B. Cr. Misc. Application No. 527/85 relating to the suspected abduction for murder of Shri Jugal Kishore Gupta resident of Bhandaraga, Dausa.

[No. 228/34/85-AVD. II]
M. S. PRASAD, Under Secy.

गृह मंत्रालय

(आंतरिक सुरक्षा विभाग)

(पुनर्वास प्रभाग)

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1986

[का. आ. 1861.—विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा शहरी विकास मंत्रालय के अधीन, भूमि तथा विकास कार्यालय में संपदा अधिकारी को, संपदा अधिकारी के रूप में उनके अपने कार्यभार के अतिरिक्त उक्त अधिनियम के अंतर्गत दिल्ली तथा नई दिल्ली में सरकार द्वारा निर्मित सम्पत्तियों के पट्टे अथवा वाहन विलेख जारी करने और पट्टा-विलेख के परिवर्तन, दिल्ली तथा नई दिल्ली में ऐसी सम्पत्तियों के साथ संलग्न प्रतिकर पूल के ही भाग अतिरिक्त भू-खण्डों तथा सुधारक क्षेत्र के आबंटन संबंधी प्रबंध अधिकारी के कार्यों के निष्पादन के प्रयोजन से प्रबंध अधिकारी नियुक्त करती है।

[सं.-4(42)/83-एस. एस. II(क)]

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Internal Security)

(Rehabilitation Division)

New Delhi, the 17th April, 1986

S.O. 1861.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoints Estate Officer in the Land and Development Office under Ministry of Urban Development as Managing Officer for the purpose of performing, in addition to his own duties as Estate Officer, the functions of a Managing Officer by or under the aforesaid Act in respect of issue of lease or conveyance deeds of Government built properties in Delhi and New Delhi and conversion of lease-deeds, allotment of additional strips of Land and correctional areas adjoining such properties in Delhi and New Delhi forming a part of the compensation pool

[No. 4(42)/83-SS-II (A)]

का. आ. 1862.—विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा शहरी विकास मंत्रालय के अधीन, भूमि तथा विकास कार्यालय में उप भूमि तथा विकास अधिकारी को, उप भूमि तथा विकास अधिकारी के रूप में उनके अपने कार्यभार के अतिरिक्त उक्त अधिनियम के अंतर्गत दिल्ली तथा नई दिल्ली में सरकार द्वारा निर्मित सम्पत्तियों के पट्टे अथवा वाहन विलेख जारी करने और पट्टा-विलेख के परिवर्तन, दिल्ली तथा नई दिल्ली में ऐसी सम्पत्तियों के साथ संलग्न प्रतिकर पूल के ही भाग अतिरिक्त भू-खण्डों तथा सुधारक क्षेत्र के आबंटन संबंधी बंदोबस्त आयुक्त के कार्यों के निष्पादन के प्रयोजन से बंदोबस्त आयुक्त नियुक्त करती है।

[सं. 4(42)/83एस एस II (ख)]

S.O. 1862.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoint Deputy Land and Development Officer in the Land and Development Office under the Ministry of Urban Development, as Settlement Commissioner for the purpose of performing in addition to his own duties as Deputy Land and Development Officer, the functions assigned to him as a Settlement Commissioner by or under the aforesaid Act in respect of issue of lease or conveyance deeds of Government built properties in Delhi and New Delhi and conversion of lease-deeds, allotment of additional strips of land and correctional areas adjoining such properties in Delhi and New Delhi forming a part of the compensation pool.

[No. 4(42)/83-SS-II (B)]

का. आ. 1863.—विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा शहरी विकास मंत्रालय के अधीन, भूमि तथा विकास कार्यालय में उप भूमि तथा विकास अधिकारी को, उप भूमि तथा विकास अधिकारी के रूप में उनके अपने कार्यभार के अतिरिक्त उक्त अधिनियम के अंतर्गत दिल्ली तथा नई दिल्ली में सरकार द्वारा निर्मित संपत्तियों के पट्टे अथवा वाहन विलेख जारी करने और पट्टा-विलेख के परिवर्तन, दिल्ली तथा नई दिल्ली में ऐसी संपत्तियों के साथ संलग्न प्रतिकर पूल के ही भाग अतिरिक्त भू-खण्डों तथा सुधारक क्षेत्र के आबंटन संबंधी उप मुख्य बंदोबस्त आयुक्त के कार्यों के निष्पादन के प्रयोजन से उप मुख्य बंदोबस्त आयुक्त नियुक्त करती है।

(सं.-4(42)/83-एस. एस.II(ग)

S.O. 1863.—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoint Land and Development Officer in the Land and Development Office under the Ministry of Urban Development, as Deputy Chief Settlement Commissioner for the purpose of performing, in addition to his own duties as Land and Development Officer, the functions assigned to him as a Deputy Chief Settlement Commissioner by or under the aforesaid Act in respect of issue of lease or conveyance deeds of Government built properties in Delhi and New Delhi and conversion of lease-deeds, allotment of additional strips of Land and correctional areas adjoining such properties in Delhi and New Delhi forming a part of the compensation pool.

[No. 4(42)/83-SS-II (C)]

का. आ. 1864.—विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा 28 तथा 33 के अंतर्गत दिल्ली तथा नई दिल्ली में सरकार द्वारा निर्मित संपत्तियों के पट्टे अथवा वाहन विलेख जारी करने और पट्टा-विलेख के परिवर्तन, दिल्ली तथा नई दिल्ली में ऐसी संपत्तियों के साथ संलग्न प्रतिकर पूल के ही भाग अतिरिक्त भू-खण्ड तथा सुधारक क्षेत्र के आबंटन संबंधी इसके द्वारा प्रयुक्त शक्तियों का शहरी विकास मंत्रालय में निदेशक (भूमि) द्वारा

भी प्रयोग किया जाएगा बशर्ते कि वह ऐसी शक्तियों में से किसी का प्रयोग उन मामलों के संबंध में नहीं करेगा जिनमें उसने किसी अन्य हैसियत से आदेश दिया हो।

[सं.-4(42)/83-एस. एस. II(ई)]

S.O. 1864.—In exercise of powers conferred by sub-seciton (1) of Section 34 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby directs that powers exerciseable by it under sections 28 and 33 of the said Act, shall be exerciseable also by the Director (Lands) in the Ministry of Urban Development in respect of issue of lease or conveyance deeds of Government built properties in Delhi and New Delhi and conversion of lease-deeds, allotment of additional strips of land and correctional areas adjoining such properties in Delhi and New Delhi and forming a part of the compensation pool, subject to condition that he shall not exercise any of such powers in relation to any matter in which an order has been made by him in any other capacity.

[No. 4(42)/83-SS-II (E)]

का.आ. 1865.—विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम, 1954 (1954 का 44) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा गृह मंत्रालय, आंतरिक सुरक्षा विभाग, पुनर्वास प्रभाग के अधीन (बंदोबस्त विंग) में सहायक बंदोबस्त अधिकारी श्री पी. एन. जेटले को उक्त अधिनियम के अधीन अथवा उसके द्वारा प्रबंध अधिकारी को सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करने के लिए उनके अपने कार्यभार के अतिरिक्त तत्काल प्रभाव से प्रबंध अधिकारी नियुक्त करती है।

[संख्या-1(4)/86-विशेष सैल/एस.एस.II(क)]

S.O. 1865.—In exercise of the powers conferred by sub-Section (1) of Section 3 of the Displaced Persons (C&R) Act, 1954 (44 of 1954), the Central Government hereby appoint Shri P. N. Jetley, Assistant Settlement Officer in the Settlement Wing under the Rehabilitation Division of M.H.A. as Managing Officer in addition to his own duties for the purpose of performing the functions assigned to a Managing Officer by or under the said Act, with immediate effect.

[No. 1(4)/Spl. Cell./86-SS-II (A)]

का. आ. 1866.—निष्क्रांत संपत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 (1950 का 31) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, इसके द्वारा गृह मंत्रालय, पुनर्वास प्रभाग के बंदोबस्त विंग में सहायक बंदोबस्त आयुक्त श्री पी. एन. जेटले को उक्त अधिनियम के द्वारा अथवा अंतर्गत सहायक अभिरक्षक को दिल्ली में निष्क्रांत संपत्तियों के संबंध में सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करने के प्रयोजन से उनके अपने कार्यभार के अतिरिक्त तत्काल प्रभाव से सहायक अभिरक्षक नियुक्त करती है।

[सं.-1(4)/वि. सैल/86-एस. एस. II(ख)]
मोहम्मद असलम, अवर सचिव

S.O. 1866.—In erercise of powers conferred by sub-Section (1) of Section 6 of the Administration of Evacuee property Act, 1950 (31 of 1950), the Central Government hereby appoint Shri P. N. Jetley, Assistant Settlement Officer in the Settlement Wing under the Rehabilitation Division of Ministry of Home Affairs as the Assistant Custodian in respect of Evacuee Properties in Delhi in addition to his own duties for the purpose of performing the functions assigned to a Assistant Custodian by or under the said Act, with immediate effect.

[No. 1(4)/Spl. Cell./86-SS-II (B)]
M. ASLAM, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक विभाग)

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 1986

बीमा

का. आ. 1867.—केन्द्रीय सरकार, बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 27 ख की उपधारा (1) के खण्ड (ञ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 के खण्ड (2) के उपखण्ड (1) के अनुसार 1 नवम्बर, 1970 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रारम्भ की गई पत्र पुनः मितीकाटा स्कीम में किए गए विनिधानों को उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए "अनुमोदित विनिधान" घोषित करती है।

[फा. सं. 91(2)/बी. IV/78]
एस. आर. भाटिया, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 30th April, 1986

INSURANCE

S.O. 1867.—In exercise of powers conferred by clause (j) of sub-section (1) of Section 27B of the Insurance Act, 1938 (4 of 1938), the Central Government hereby declares investments in the Bills Rediscounting Scheme introduce by the Reserve Bank of India with effect from the 1st day of November, 1970 in terms of sub-clause (a) of clause (2) of section 17 of the Reserve Bank of India Act, 1934, as "approved investments" for the purposes of the said section.

[F. No. 91(2)/Ins. IV/78]
S. R. BHATIA, Under Secy.

बैंकिंग प्रभाग

नई दिल्ली 24 अप्रैल, 1986

का. आ. 1868.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर इसके द्वारा यह घोषित करती है कि बैंककारी विनियमन (सहकारी समिति) नियमवली, 1966 के नियम 10 के साथ पठित बैंककारी विनियमन (अधिनियम, 1949 जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 31 के उपबंध अनंतसयानाम को-आपरेटिव बैंक लि., त्रिवेन्द्रम को लागू नहीं होंगे जहां तक वे समाचार पत्र में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट सहित उनके दिनांक 30 जून, 1985 को समाप्त वर्ष के तुलन-पत्र और लाभ हानि लेखा के प्रकाशन से संबंधित है।

[संख्या 8—2/86—ए.सी. (1)]

BANKING DIVISION

New Delhi, the 24th April, 1986

S.O. 1868.—In exercise of powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 31 of the Banking Regulation Act 1949 (As Applicable to Cooperative Societies) read with Rule 10 of the Banking Regulation (Cooperative Societies) Rules 1966 shall not apply to the Ananthasayanam Cooperative Bank Ltd., Trivandrum so far as they relate to the publication of its balance sheet and profit and loss account for the year ended 30 June 1985 together with the auditor's report in a newspaper.

[No. 8-2/86-AC(1)]

का. आ. 1869.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर इसके द्वारा यह घोषित करती है कि बैंककारी विनियमन (सहकारी समितियों) नियमावली, 1966 के नियम 10 के साथ पठित

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जैसा कि सहकारी समितियों पर लागू) की धारा 31 के उपबंध बडगारा सहकारी अर्बन बैंक लि., बडगारा को लागू नहीं होंगे जहां तक वे समाचार पत्र में लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट सहित उनके दिनांक 30 जून 1985 को समाप्त वर्ष के तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा के प्रकाशन से संबंधित हैं।

[संख्या 8-2/86-ए सी.]
के. पी. पाण्डियान, अवर सचिव

S.O. 1869.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 31 of the Banking Regulation Act, 1949 (As Applicable to Cooperative Societies) read with Rule 10 of the Banking Regulation (Cooperative Societies) Rules 1966 shall not apply to the Badagora Cooperative Urban Bank Ltd., Badagora so far as they relate to the publication of its balance sheet and profit and loss account for the year ended 30 June, 1985 together with the auditors report in a newspaper.

[No. 8-2|86-AC]
K. P. PANDIAN, Under Secy.

कार्यालय समाहर्ता: केन्द्रीय उत्पाद शुल्क: मुख्यालय

अधिसूचना संख्या 13/85

इन्दौर, 18 अप्रैल, 1986

का. आ. 1870.—श्री एस. आर. कानूनगो, अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह "ख" वार्धक्य आयु आने पर 30 नवम्बर 1985 के अपराह्न से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं।

[प. सं. II (3) 7 गोप 85/1998]

CENTRAL EXCISE COLLECTORATE

NOTIFICATION NO. 13/85

Indore, the 18th April, 1986

S.O. 1870.—Shri S. R. Kanungo, Superintendent of Central Excise Group 'B' having attained the age of superannuation retired from Government service on the afternoon of thirtieth November, 1985.

[C. No. II(3)7-Con/85/1998]

अधिसूचना संख्या 3/86

का. आ. 1871.—श्री एम. एस. चौरे, अधीक्षक केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह "ख" निवर्तन की आयु प्राप्त होने पर शासकीय सेवा से दिनांक 28-2-86 को अपराह्न में सेवानिवृत्त हुए।

[प. सं. II (3) 2 गोप/86/2023]

NOTIFICATION NO. 3/86

S.O. 1871.—Shri M. S Chourey, Superintendent, Central Excise Grup 'B' having attained the age of superannuation retired from Government service on 28-2-1986 (AN).

[C. No. II(3)2-Con/86/2023]

अधिसूचना संख्या 1/86

का. आ. 1872.—श्री ए. एल. बहल, अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह "ख," 28-2-1986 के अपराह्न से शासकीय सेवा से स्वैच्छिक सेवा निवृत्त हुए।

[प. सं. II (3) 2 गोप/86/1973]
एस. व्ही. रामकृष्णन, समाहर्ता

NOTIFICATION NO. 4/86

SO. 1872.—Shri A. L. Behal, Superintendent, Central Excise, Group 'B' of Central Excise Collectorate, Indore has voluntarily retired from the Government service in the afternoon of 28th February, 1986.

[C. No. II(3)2-Con/86/1973]
S. V. RAMAKRISHNAN, Collector

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1986

का. आ. 1873.—केन्द्रीय सरकार, राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम 10 के उप-नियम (4) के अनुसरण में वाणिज्य मंत्रालय व वस्त्र मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित कार्यालयों को, जिनके कर्मचारीवृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है:—

वाणिज्य मंत्रालय :

1. सहायक मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात का कार्यालय,
   वाणिज्य मंत्रालय, बिस्कोमान भवन,
   पटना 800001.
2. सम्पदा सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय, कैसर-ए-हिन्द बिल्डिंग,
   करीमभाय रोड,
   पोस्ट बाक्स नं. 689, बेलार्ड एस्टेट,
   बम्बई–400038.
3. संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात एवं निर्यात का कार्यालय,
   वाणिज्य मंत्रालय,
   117/एल-444 काकादेव,
   कानपुर–208025

वस्त्र मंत्रालय :

1. नेशनल टैक्सटाइल्स कारपोरेशन लिमिटेड,
   (महाराष्ट्र नार्थ), बम्बई
2. नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन,
   (मध्य महाराष्ट्र), लि., बम्बई
3. नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन (उ. प्र.), लिमिटेड (मुख्यालय)
4. स्वदेशी मिल, कानपुर,
   [एन. टी. सी., (यू. पी.) लि.],
5. न्यू विक्टोरिया मिल, कानपुर
   [एन. टी. सी. (यू. पी.) लि.],
6. लक्ष्मीरतन काटन मिल, कानपुर
   [एन. टी. सी (यू. पी.) लि.],
7. अथर्टन, मिल्स कानपुर,
   [एन. टी. सी. (यू. पी.) लि.],
8. बिजली काटन मिल्स, हाथरस
   [एन टी. सी (यू. पी.), लि.],
9. श्री विक्रम काटन मिल्स, लखनऊ,
   [एन टी. सी. (यू. पी.) लि.],
10. लार्ड कृष्णा टैक्सटाइल मिल्स, सहारनपुर,
    [एन. टी. सी. (यू. पी.) लि.],
11. रिटेल सेल डिवीजन, [एन टी. सी.,
    (यू. पी.) लि.]
12. विपणन एवं सेवा विस्तार केन्द्र
    विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय

ताज बिल्डिंग रावली,
आगरा-282001

13 दि. काटन कारपोरेशन, आफ इंडिया लिमिटेड,
ग्राउंड फलोर, शालीमार बिल्डिंग,
एम्बेसी मार्किट के पास,
नवरंग पुरा, अहमदाबाद-380009.

[फाइल स. ई. 11011(12)/76 हिन्दी]
वेद प्रकाश, निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 17th April, 1986

S.O. 1873.—In pursuance of sub-rule (4) of rule 10 of the Official Language (Use for Official Purposes of the Union) Rule, 1976, the Central Government hereby notifies the following offices under the Ministry of Commerce and Ministry of Textiles, the staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi :—

Ministry of Commerce :

1. Office of the Assistant Chief Controller of Imports and Exports, Ministry of Commerce Biscoman Bhavan, Patna-800001.
2. Office of the Custodian of Enemy Property for India, Kaiseri-Hind Biulding Currimbhoy Road, Ballard Estate, Post Box No. 689, Bombay-400038.
3. Office of the Joint Chief Controller of Imports and Exports, Ministry of Commerce, 117|L-444, Kaka Dev, Kanpur-208025.

Ministry of Textiles :

1. National Textile Corporation Limited, (Maharashtra North), Bombay.
2. National Textile Corporation Limited, (South Maharashtra), Bombay.
3. National Textile Corporation (UP) Limited, (Head Quarter)
4. Muir Mills, Kanpur [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
5. New Victoria Mills, Kanpur (N.T.C.(U.P.) Lttd.)
6. Laxmi Rattan Cotton Mills, Kanpur [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
7. Atherton Mills, Kanpur [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
8. Bijli Cotton Mills, Hathras [N.T.C.(U.P) Ltd.]
9. Shri Vikram Cotton Mills, Lucknow [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
10. LordLord Krishna Textile Mills, Saharanpur [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
11. Retail Sales Division, [N.T.C.(U.P.) Ltd.]
12. Marketing and Service Extension Centre, Office of the Development Commissioner Handicrafts, Taj Building Rawali, Agra-282001.
13. The Cotton Corporation of India Ltd., Air India Building, Ground Floor, Shalimar Building, Near Embassy Market, Navrangpura, Ahmedabad-380009.

[File No. E-11011(12)|76-Hindi]
VED PRAKASH, Director

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

आदेश

दिल्ली, 28 फरवरी, 1986

का. आ. 1874 भण्डार / शैल, नियंत्रक इन्टीगरल कोच फैक्टरी, मद्रास को सप्लाई आर्डर सं० आई सी एफ/72/1/84/0/6049/3 दिनांक 28-9-1984 की संलग्न सूची के अनुसार अनुषंगियों सहित लेयर थिकनेस गौज के दो नग आयात करने के लिए 20,045/- रुपए मात्र के लिए आयात लाइसेंस सं. जी/बी/3203764 सी/एक्स एक्स/94, दिनांक 5/3/1985 दिया गया था।

2. उप नियंत्रक, भण्डार शैल इन्टीगरल कोच फैक्टरी, मद्रास ने उक्त लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि लाइसेंस की मूल मुद्रा विनिमय प्रति किसी भी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराये बिना और उपयोग में लाए बिना खो गई है और उप नियंत्रक, भण्डार/शैल, इन्टीगरल कोच फैक्टरी, मद्रास ने इस बात पर सहमति प्रगट की है तथा वायदा किया है कि मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति मिल जाने पर इस कार्यालय को रिकार्ड के लिए वापस कर दी जाएगी।

3. अपने तर्क के समर्थन में उप नियंत्रक, भंडार/शैल इन्टीगरल कोच फैक्टरी, मद्रास ने 1985-88 के लिए हैंड बुक से पैरा 86 के अनुसार अपेक्षित एक शपथ पत्र दाखिल किया है। अधोहस्ताक्षरी सन्तुष्ट है कि उक्त लाइसेंस की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति खो गई है तथा निर्देश देता है कि आवेदक को मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि प्रति जारी की जाए। मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति रद्द की जाती है।

4. लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि प्रति अलग से जारी की जा रही है।

[फाइल नं. 59—सी रेलवे/84-85/जी एल एस]
पाल बैक उप मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात
कृते मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात

OFFICE OF THE CHIEF CONTROLLER OF IMPORTS & EXPORTS

ORDER

New Delhi, the 28th February, 1986

S.O. 1874.—Controller of stores|Shell, Integral Coach Factory, Madras, was granted an Import Licence No. G|B|3203764|C/XX/94|H|84 dated 5-3-1985 for Rs. 20,045 only for the import of Two Nos. of Layer Thickness Gauge with Accessories as per list attached against Supply Order No. ICF|72|1|84|O/6049/3 dated 28-9-1984.

2. Dy. Controller of Stores|Shell, Integral Coach Factory Madras, has now requested for issue of duplicate Exchange Control Copy of the above licence on the ground that the original Exchange Control Copy has been lost without being registered with the Custom authority and utilised at all. Dy. Controller of Stores|Shell, Integral Coach Factory, Madras, agrees and undertakes to return the original Exchange Control Copy if traced later on to this office for record.

3. In support of their contention Dy. Controller of Stores/Shell, Integral Coach Factory, Madras, have filed an affidavit as required in terms of Para 86 of Hand Book for 1985-88. The undersigned is satisfied that the original exchange control

copy of the above said licence has been lost and directs that duplicate exchange control copy may be issued to the applicant. The original exchange control copy has been cancelled.

4. The duplicate Exchange Control Copy of the licence is being isued separately.

[F. No. 59-C/Rly/84-85/GLS]
PAUL BECK, Dy. Chief Controller of Imports & Exports
For Chief Controller of Imports & Exports

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1986

आदेश

का.आ. 1875:—श्री ए.एम. मूलचन्दानी, पो.बा. बाक्स 177, अजारे, बौची स्टेट, नाइजीरिया को एक न. टोयोटा करोला 1300 सी.सी. कार के आयात के लिए 61,000 रु. मूल्य का एक सीमा शुल्क निकासी परमिट सं. पी/जे/3052483 दिनांक 1-10-1985 दिया गया था। आवेदक ने उक्त सीमा शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति जारी किए जाने का इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट अस्थानस्थ/खो गया है। आगे यह भी कहा गया है कि मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट को किसी सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास पंजीकृत नहीं कराया गया था इस प्रकार सीमा शुल्क निकासी परमिट का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया गया है।

2. अपने तर्क के समर्थन में लाइसेंसधारक ने उचित न्यायिक प्राधिकारी के सम्मुख विधिवत शपथ लेकर एक शपथ पत्र दाखिल किया है। मैं तदनुसार, संतुष्ट हूं कि मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट सं. पी/जे/3052483 दिनांक 1-10-1985 आवेदक द्वारा खो गई है। समय-समय पर यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 दिनांक, 7-12-1955 की उपधारा 9 (सी सी) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए श्री ए.एम. मूलचन्दानी को जारी उक्त मूल सीमा शुल्क निकासी परमिट सं. पी/जे/3052483 दिनांक 1-10-1985 को एतद्द्वारा रद्द किया जाता है।

3. पार्टी को सीमा शुल्क निकासी परमिट की अनुलिपि प्रति को अलग से जारी किया जा रहा है।

[फा.सं. ए./एम-41/85-86/बी एल एस/207]
एन.एस. कृष्णामूर्ति, उप मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात
कृते मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

New Delhi, the 24th April, 1986

ORDER

S.O. 1875.—Mr. A. M. Moolchandani, P.O. Box 177, Azare Bauchi State, Nigeria was granted as Customs Clearance Permit No. P|J|3052483 dt. 1-10-85 for Rs. 61,000 only for import of One No. Toyota Carolla 1300cc car. The applicant has applied for issue of Duplicate copy of the above mentioned Customs Clearance Permit on the ground that the original CCP has been misplaced|lost. It has further been stated that the original CCP was not registered with any Customs Authority and such the value of the CCP has not been utilised at all.

2. In support of his contention, the licence has filed an affidavit duly sworn before appropriate judicial authority. I am accordingly satisfied that the original CCP No. P|J|3052483 dt. 1-10-85 has been lost by the applicant. In exercise of the powers conferred under Sub-Clause 9(cc) of the Import (Control) Order, 1955 dated 7-12-1955 as amended from time to time the said original CCP No. P|J|3052483 dt. 1-10-85 issued to Mr. A. M. Moolchandani is hereby cancelled.

3. A duplicate copy of the Customs Clearance Permit is being issued to the party separately.

[F. No. A|M-41|85-86|BLS|207]
N. S. KRISHNAMURTHY, Dy. Chief Controller of Imports & Exports
For Chief Controller of Imports & Exports

संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात कार्यालय
(केन्द्रीय लाइसेंसिंग क्षेत्र)

नई दिल्ली, 1986

निरस्तन आदेश

का.आ. :—सर्वश्री बत्रा हैण्डलिंग एण्ड प्रोसेस इन्जीनियर्स लिमिटेड, 243, उद्योग विहार, डूंडाहेड़ा, गुड़गांवां 122016, नई दिल्ली को एक आयात लाइसेंस सं. पी/डी/2240624 दिनांक 11-4-85 का 10,29,000 रु. का लार्ज स्प्रोकेट्स हेड एण्ड ट्रैक्शन व्हील इत्यादि मदों के आयात हेतु जारी किया गया था।

आवेदक फर्म ने इस कथन के समर्थन में अब एक शपथ-पत्र, आयात-निर्यात की कार्यविधि पुस्तिका 1985–88 के पैरा 86 के अंतर्गत प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उक्त लाइसेंस की कस्टम प्रयोजन कापी बम्बई कस्टम के पास पंजीकृत कराने एवं आंशिक रूप से उपयोग करने के पश्चात खो गई है/अस्थानस्थ हो गई है।

फर्म द्वारा कस्टम प्रयोजन कापी की अनुलिपी लाइसेंस की बकाया राशि 6,61,352 रु० को पूरा करने के लिए अपेक्षित है।

अतः आयात–व्यापार नियंत्रण आदेश 1955 दिनांक 7-12-55 (यथा संशोधित) की धारा 9 (डी) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं उपरोक्त लाइसेंस सं. पी/डी/2240624 दि. 11-4-85 की मूल कस्टम प्रयोजन कापी को निरस्त करने का आदेश देता हूं।

आवेदक की प्रार्थना पर आयात-निर्यात की कार्य विधि-पुस्तिका 1985–88 के पैरा 86 के अनुसार उक्त लाइसेंस सं. पी/डी/2240624 दि. 11-4-85 की कस्टम प्रयोजन कापी की अनुलिपि (डुप्लीकेट कापी) जारी करने पर विचार किया जायेगा।

[फाइल सं. डी जी टी डी/सप्लीमेंट्री/235/ए एम 85/एयू–I/सी एल ए/86]

OFFICE OF THE JOINT CHIEF CONTROLLER OF IMPORTS & EXPORTS
(CENTRAL LICENSING AREA)

New Delhi, 1986

CANCELLATION ORDER

S.O. 1876.—M/s. Batra Handling & Process Engineers Ltd. 243 Udyog Vihar, Dundahera, Gurgaon-122016 New Delhi was granted an import lic. No. P|D|2240624 dt. 11-4-85 for **Rs. 10,29,000 for import of the items Large sprockets head** & traction wheels etc.

The above mentioned party have filed an affidavit as required under para-86 of Hand book of import & export procedure 1985—88 wherein they have stated that the Customs purpose copy of the above, licence has been lost|misplaced after having been registered with customs Bombay and utilised partially.

A duplicate **customs purpose copy** is required by the firm to cover the balance value of the licence i.e. Rs. 6,61,352.

In exercise of the powers conferred on me under sub clause 9(d) in the Import Control Order, 1955 dated 7-12-55 as amended upto date, I cancel the customs purpose copy of the above licence.

The applicant (Licensee) is now being issued duplicate customs purpose copy of import licence No. P|D|2240624 dt. 11-4-85 for Rs. 6,61,352 in accordance with the provision of paragraph 86 of Hand Book of Import & Export Procedure, 85—88.

[F. No DGTD Suppl.|235|AM|AU-1|CLA|86]

निरसन आदेश

का.आ. 1877.—मर्वश्री स्टूबर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, ए-10, सैक्टर-सात, नोएडा काम्प्लैक्स, जिला गाजियाबाद (यू.पी.) को एक आयात लाइसेंस सं० पी/डी/2239664 दिनांक 9-2-84 को स्टार वाशर इत्यादि मद के आयात के लिए 1,70,230 रु. जारी किया गया था।

आवेदक फर्म ने इस कथन के समर्थन में अब एक शपथ-पत्र, आयात-निर्यात की कार्यविधि पुस्तिका 1985–88 के पैरा 86 के अंतर्गत प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उक्त लाइसेंस की एक्सचेंज कंट्रोल कापी कहीं खो गई है फर्म द्वारा डुप्लीकेट एक्सचेंज कन्ट्रोल कापी लाइसेंस की बकाया राशि 1,47,230 को पूरा करने के लिए चाहिए।

अत: आयात-व्यापार नियंत्रण आदेश 1955 दिनांक 7-12-55 (यथा संशोधित) की धारा में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं उपरोक्त लाइसेंस सं. पी/डी/2239664 दि. 9-2-84 की मूल एक्सचेंज कन्ट्रोल कापी को निरस्त करने का आदेश देता हूं।

आवेदक की प्रार्थना पर अब आयात-निर्यात की कार्यविधि पुस्तिका 1985–88 के पैरा 86 के अनुसार उक्त लाइसेंस सं. पी/डी/2239664 दि. 9-2-84 की एक्सचेंज कन्ट्रोल कापी की अनुलिपि (डुप्लीकेट कापी) जारी करने पर विचार किया जायेगा।

[फाइल सं० डी जी टी डी-सप्लमेंट्री/252/ए एम-84/ए यू-आई/सी एल ए/86]

ह. —
जे०के० कालसी,
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

CANCELLATION ORDER

S.O. 1877.—M/s. Stuber Engineering Pvt. Ltd., A-10 Sector-VII, Noida Complex, Distt. Ghaziabad (U.P.) was granted an import lic. No. P|D|2239664 dated 9-2-1984 for Rs. 1,70,230 for import of the item Star washer etc.

The above mentioned party have filed an affidavit as required under para-86 of Hand Book of import & export procedure, 1985—88 wherein they have stated that the Exchange Control copy of the above licence has been lost.

A duplicate Exchange Control copy is required by the firm to cover the balance value of the licence i.e. Rs. 1,47,230.

In exercise of the powers conferred on me under Sub-clause 9(d) in the Import Trade Control Order, 1955 dated 7-12-55 as amended upto date, I cancel the Exchange control copy of the above licence.

The applicant (Licencee) is now being issued duplicate Exchange control copy of import licence No. P|D|2239664 dated 9-2-1984 for Rs. 1,47,230 in accordance with the provision of paragraph 86 of Hand Book of Import & Export Procedures, 85—88.

[F. No. DGTD. Sup.|252|AM-84|AU-I|CLA|86]

Sd|-
J. K. KALSI, Jt. Chief Controller of Imports & Exports

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1986

का.आ. 1878:—भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की धारा 11 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् से परामर्श करने के बाद उक्त अधिनियम की पहली अनुसूची में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अनुसूची में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से संबंधित प्रविष्टियों में "मैम्बरशिप आफ द नेशनल एकाडमी आफ मेडिकल साइंसेस (क्लिनिकल फार्माकोलोजी एण्ड थिरेपुटिक्स), एम.एन.ए.एम.एस. (क्लिनिकल फार्माकोलोजी एण्ड थिरेपुटिक्स)", प्रविष्टि के बाद निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात्:—

"मैम्बरशिप आफ द नेशनल एकाडमी
आफ मेडिकल साइंसेज (अस्पताल
प्रशासन सहित स्वास्थ्य प्रशासन)
एम.एन.ए.एम.एस.
(अस्पताल प्रशासन सहित स्वास्थ्य
प्रशासन)"

[सं. वी 11017/3/84-एम.ई. (पी.)]

MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE

(Department of Health)

New Delhi, the 13th March, 1986

S.O. 1878.—In execise of the powers conferred by sub-section (2) of section 11 of the Indian Medical Council Act, 1956 (102 of 1956), the Central Government, after consulting the Medical Council of India, hereby makes the following further amendments in the First Schedule to the said Act, namely:—

In the said Schedule, in the entries relating to the National Board of Examinations, New Delhi, after the entry "Membership of the National Academy of Medical Sciences (Clinical Pharmacology and Therapeutics) M.N.A.M.S., (Clinical Pharmacology and Thera.)", the following entries shall be inserted, namely :—

"Membership of the National
Academy of Medical Sciences

(Health Administration including Hospital Administration) M.N.A.M.S. (Health Administration including Hospital Administration).

[No. V. 11017/2/84-ME(P)]

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 1986

का.आ. 1879.— यत: भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 (1956 का 102) की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के उपबन्ध के अनुसरण में सिलेट आफ यूनिवर्सिटी आफ राजस्थान के डा. डी.एल. छंगानी का 17 अक्तूबर, 1985 से भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद के सदस्य के रूप में चयन किया है।

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा पूर्ववर्ती स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की 9 जनवरी, 1960 की अधिसूचना का.आ. संख्या 138 (संख्या 5-13/59-एम-I) में आगे निम्नलिखित संशोधन करती है अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में "धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन निर्वाचित" शीर्ष के अंतर्गत क्रम संख्या 19 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियां रखी जाएं, अर्थात् :—

"19 डा. डी.एल. छंगानी,
प्रधानाचार्य और अध्यक्ष, ई.एन.टी. विभाग
एस.एम. एस. मेडिकल कालेज,
जयपुर"

[संख्या वी. 11013/2/86-एम.ई. (पी)]
चन्द्र भान, अवर सचिव

New Delhi, the 25th April, 1986

S.O. 1879.—Whereas in pursuance of the provision of clause (b) of sub-section (1) of section 3 of the Indian Medical Council Act, 1966 (102 of 1966) Dr. D.L. Chhangani has been selected by he Senate of University of Rajasthan to be a member of the Medical Council of India with effect from the 17th October, 1985.

Now, therefore, in pursuance of sub-section (1) of the section 3 of the said Act, the Central Government bereby makes the following further amendment in the notification of Government of India in the late Ministry of Health, No. S.O. 138 (No. 5-13/59-MI) dated the 9th January, 1960, namely:—

In the said notification under the heading "Elected under clause (b) of sub-section (1) of section 3" for serial number 19 and the entry relating thereto the following serial number and entry shall be substituted namely:—

"19, Dr. D.L. Chhangani,
Professor & Health of Deptt. of ENT,
S.M.S. Medical College, Jaipur."

[No. V. 11013/2/86-ME (P)]
CHANDER BHAN, Under Secy.

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1986

आदेश

का. आ. 1880:— खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 16 की उपधारा (1) के खंड (ए) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार इस्पात और खान मंत्रालय (खान विभाग) की 24 दिसम्बर, 1982 की अधिसूचना संख्या 13 (6)80-खान 6 के अनुक्रम में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 31 दिसम्बर, 1988 को ऐसी तारीख के रूप में निर्धारित करती है, जिस तक खान और खनिज (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम, 1972 प्रारम्भ से पूर्व स्वीकृत सभी खनन पट्टे, यदि वे अधिनियम के प्रारम्भ के समय विद्यमान थे उक्त अधिनियम तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के प्रावधानों के अनुरूप कर लिये जायेंगे।

[फा.सं. 13(1)/86-खान 6]
बी. दास गुप्ता, निर्देशक

पाद टिप्पणी : पूर्ववर्ती का.आ. सं. 652 दिनांक 29-1-83 के अधीन जारी किया गया।

MINISTRY OF STEEL AND MINES

(Department of Mines)

New Delhi, the 28th April, 1986

ORDER

S.O. 1880.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of the sub-section (1) of section 16 of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957 (67 of 1957) and in continuation of the Notification of the Government of India in the Ministry of Steel and Mines (Department of Mines), No. 13(6)/80-M. VI dated the 24th December, 1982, the Central Government hereby specifies the 31st December, 1988 as the date within which all mining leases granted before the commencement of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Amendment Act, 1972, if in force at such commencement, shall be brought into conformity with the provisions of the said Act and the rules made thereunder.

[F. No. 13(1)/86-M. VI]
B. DASGUPTA, Director

Foot Note.—The previous Order was issued under S.O. No. 652 dated 29th January, 1983.

युवा कार्यक्रम और खेल विभाग

नई दिल्ली, 25 अप्रैल, 1986

का.आ. 1881 समय-समय पर संशोधित के अनुसार 25 मार्च, 1982 को भारत के राजपत्र (असाधारण) भाग-II खण्ड 3, उपखण्ड 3 (ii) में प्रकाशित शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय की अधिसूचना, एस.ओ. संख्या 166 (ई) दिनांक 22 मार्च, 1982 के क्रम में, केन्द्रीय सरकार, धर्मार्थ प्रन्यासनिधि अधिनियम 1890 की धारा 4 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, और खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कल्याण निधि के प्रबन्ध और प्रशासन के प्रयोजनार्थ सामान्य समिति की सहमति से, एतद्द्वारा आदेश देती है कि 8 लाख रुपये (केवल आठ लाख रुपये) की राशि, भारत के धर्मार्थ प्रन्यासनिधि के कोषाध्यक्ष और न्यास के पद पर उनके उत्तराधिकारी को, उक्त राशि और उससे होने वाली आय को, डाकघर की समय जमा योजना में, 5 वर्ष के अवधि के लिए जमा करने हेतु, सौंपी जायेगी।

[सं. एफ 13-1/81(डी.1) (एस.पी.)]
ए. भट्टाचार्य, उप सचिव

DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

New Delhi, the 25th April, 1986

S.O. 1881.—In continuation of the Ministry of Education and Culture Notification S.O. No. 166(E) dated 22nd March, 1982 published in the Gazette of India (Extraordinary) Part II Section 3 Sub Section 3(ii) dated 25th March, 1982, as modified from time to time, the Central Government in exercise of the powers conferred under section 4(1) of the Charitable Endowments Act, 1890 and with the concurrence of the General Committee for the purpose of Management and Administration of the National Welfare Fund for Sportsmen do hereby order that an amount of Rs. 8 lakhs (Rupees

Eight-lakhs only) be vested in the Treasurer of Charitable Endowments for India to be held by him and his successors in office upon trust to hold the said monies and the income thereof for a period of five years for deposit in the Post Office Time Deposit Scheme.

[No. F. 13-1/81-D. I (SP)]
A. BHATTACHARYYA, Dy. Secy.

अंतरिक्ष विभाग

बंगलौर, 17 अप्रैल, 1986

का.आ. 1882—केन्द्रीय सरकार राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के नियम, 10 उपनियम (4) के अनुसरण में अंतरिक्ष विभाग के निम्न कार्यालयों को जिनके कर्मचारी वृन्द ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अधिसूचित करती है :—

1. शार केन्द्र, श्री हरिकोटा-524124 (आन्ध्र प्रदेश)

2. सिविल इंजीनियरी प्रभाग, अन्तरिक्ष विभाग, बंगलौर-560009

[सं. 16/5/(2)/86-I]
टी.एस. वेंकटरामन, उपसचिव

DEPARTMENT OF SPACE

Bangalore, the 17th April, 1986

S.O. 1882.—In pursuance of Sub-rule (4) of rule 10 of the Official Language (Use for the Official Purposes of the Union) Rules, 1976 the Central Government hereby notifies the following offices of the Department of Space, the Staff whereof have acquired the working knowledge of Hindi:—

1. SHAR Centre, Sriharikota-524124 (Andra Pradesh)
2. Civil Engineering Division, Department of Space Bangalore-560009.

[No. 16/5(2)/86-I]
T.S. VENKATARAMAN, Dy. Secy.

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 1986

का.आ. 1883—सिनेमाटोग्राफ (प्रमाणीकरण) नियमावली, 1983, के नियम 8 के उप-नियम (1) और (2) के साथ पठित सिनेमाटोग्राफ अधिनियम 1952 की धारा 5 की उपधारा (1) और नियम 7 के उप-नियम (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार फिल्म प्रमाणीकरण बोर्ड के साथ विचार-विमर्श करने के पश्चात निम्नलिखित व्यक्तियों को बम्बई के उक्त बोर्ड के सलाहकार पैनल के सदस्यों के रूप में दो वर्ष की अवधि अथवा अगले आदेशों तक तत्काल नियुक्त करती है :—

1. श्रीमती मंजुला अशोक राव
2. डा. (श्रीमती) धनलक्ष्मी ए. डिसूजा
3. श्रीमती सरोज नीलकान्त आप्टे
4. श्रीमती टेरेसा विजु जेम्स
5. श्री के.डी. सिक्का
6. श्रीमती सनोबर शेखर
7. श्रीमती प्रतिभा शिरीष भट्ट
8. श्री किशोर वालिचा
9. श्रीमती शारदा पी. कारनिक
10. श्रीमती पदमजा एस. पाठक
11. डा. रमेश रंगनेकर
12. श्रीमती सुरैया करीम भाई
13. श्रीमती लक्ष्मी सुन्दरम
14. श्रीमती रुक्मणी कृष्णास्वामी
15. श्रीमती एस.ए. गोगटे
16. डा० विनायक आर. पोल
17. श्रीमती वीना वी. प्रभु
18. श्रीमती सुधा एस. वारडे
19. श्रीमती शीला रानी पटेल
20. डा. मिसेज उर्मिला पी. शाह
21. डा. एस.वी. डामले
22. श्रीमती कृष्णा अग्रवाल
23. श्री प्रबोध पारिख
24. डा. (श्रीमती) ऊषा सुरेश वाग

[फा.सं. 811/1/84-एफ. (सी)]

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

(Department of Culture)

New Delhi, the 2nd April, 1986

S.O. 1883.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 5 of hte Cinematograph Act, 1982 and sub-rule (3) of rule 7 read with sub-rule (1) and (2) of rule 8 of the Cinematograph (Certification) Rules 1983, the Central Government hereby appoints the following persons after consultation with the Board of Film Certification, as Members of the Advisory Panel of the said Board at Bombay with immediate effect for a period of two years or until further orders:—

1. Smt. Manjula Ashok Rao
2. Dr. (Mrs.) Dhanalakshmi A. Desouza
3. Smt. Saroj Neelkanth Apte
4. Mrs. Terese Viju James
5. Shri K. D. Sikka
6. Smt, Sanobar Shekar
7. Smt. Pratibha Shrish Bhatt
8. Shri Kishore Valicha
9. Smt. Sharda P. Karnik
10. Smt. Padmaja S. Pathak
11. Dr. Ramesh Rangnekar
12. Smt. Suraiya Currimbhoy
13. Smt. Lakshmi Sundaram
14. Smt. Rukmini Krishnaswamy
15. Smt. S.A. Gogate
16. Dr. Vnayak R. Pol
17. Smt. Veena V. Prabhu
18. Smt. Sudha S. Varde
19. Smt. Sushila Rani Patel
20. Dr. (Mrs) Urmila P. Shah
21. Dr S.V. Damle
22. Smt. Krishna Agarwal
23. Shri Prabodh Parikh
24. Dr. (Mrs) Usha Suresh Wagh

[File No. 811|1|85-F(C)]

का.आ. 1884—सिनेमाटोग्राफ (प्रमाणीकरण) नियमावली, 1983 नियम 8 के उप नियम (1) के साथ पठित सिनेमाटोग्राफ अधिनियम 1952 की धारा 5(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतदद्वारा यह निर्देश देती है कि निम्नलिखित व्यक्ति 15 अप्रैल, 1986 से फिल्म प्रमाणन बोर्ड के बम्बई सलाहकार पैनल के सदस्य नहीं रहेंगे :

1. श्री ए. एम. आई. अलवी
2. श्रीमती रंजन अमीन
3. श्रीमती प्रफुला वहलुकर
4. डा. मुकेश बत्रा
5. कुमारी भूमी विनायके
6. श्रीमती माया कमिथार
7. श्री आर.सी. बजाज

8. श्रीमती सुलोचना गुलाटी
